महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड

संगिनी संस्था

का एक छोटा सा प्रयास

संगिनी संस्था महिलाओं हेतु भोपाल और रायसेन जिले में सुरक्षित पर्यटन स्थल की अवधारणा को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। हम ना केवल वैचारिक रूप से महिला सशक्तिकरण सुरक्षा कौशल संवर्धन और शिक्षा पर विश्वास रखते हैं बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से कार्यरत भी हैं। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना की दिशा में एक अभिनव प्रयास है जिसका क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास विभाग, यू.एन. वूमेन के संयुक्त प्रयासों द्वारा भोपाल व रायसेन जिले में **संगिनी संस्था** के माध्यम से किया जा रहा है।

बेस लाइन सर्वे

इस परियोजना के तहत सबसे पहले भोपाल तथा रायसेन जिले के कार्य क्षेत्र (भीम बेटिका, भोजपुर तथा भोपाल) के पर्यटन स्थल के संदर्भ में मूलभूत जानकारियों को एकत्र करने के लिए बेस लाइन सर्वे किया गया।

इस दौरान पर्यटन स्थल व समीप क्षेत्र के बारे में सामान्य विवरण, आसपास मूलभूत सुविधाएं, बाजार, उपलब्ध आवागमन के साधन एवं चालकों का विवरण, पर्यटन स्थल व समीपस्थ क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा व विकास कार्यक्रमों को संचालित करने वाले प्रमुख शासकीय विभागों व अशासकीय संस्थाओं का विवरण, पर्यटन स्थल व समीपस्थ क्षेत्र के प्राथमिक एवं द्वितीयक हितधारकों का विवरण, आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोजगार की स्थिति और अवसर, पर्यटन स्थल पर स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आवागमन, पर्यटन स्थल पर उपलब्ध प्रशिक्षण व प्रशिक्षण संस्थाओं/प्रशिक्षकों का विवरण, विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा केन्द्रों में महिला/पुरुष शिक्षणार्थियों/ प्रशिक्षणार्थियों का विवरण आदि से संबंधित सूचनाएं भी एकत्र की गईं।

इस दौरान महिलाओं के लिए आत्मसुरक्षा के तरीके तथा परंपरागत व्यवहार, सामाजिक सुरक्षा आदि मुद्दों पर जानकारी एकत्र की गई, जिससे भविष्य में परियोजना संचालन के दौरान इन आंकड़ों का उपयोग किया जा सके।

एडवोकेसी और संचार गतिविधियों का आयोजन

संगिनी द्वारा कई अवसरों पर इसी परियोजना के तहत विभिन्न गतिविधियों जैसे हस्ताक्षर अभियान, फिल्म शो पोस्टर प्रदर्शनी, शपथ ग्रहण, संवाद चर्चा के माध्यम से **एडवोकेसी और संचार गतिविधियों का आयोजन** किया गया जिसमें लगभग **3,000 से अधिक महिलाओं/लड़कियों/पुरुषों की सक्रिय भागीदारी** रही इसी के साथ साथ हमने प्रमुख अवसरों जैसे जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, दीपावली, नवरात्रि आदि धार्मिक अवसरों पर भी समुदाय में संचार गतिविधियों का आयोजन किया दिनांक 10 अगस्त 2022 से 25 अगस्त 2022 तक मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संकल्प शिक्षा अभियान का संचालन किया गया जिसके तहत **संगिनी** द्वारा प्रमुख पर्यटन स्थल स्कूल कॉलेज सार्वजनिक स्थान जैसे सैर-सपाटा, बोट क्लब, बिड़ला मंदिर, भोजपुर मंदिर आदि पर्यटन स्थल के आसपास की बस्तियों, स्कूल-कॉलेजों में लगभग **1,055 लोगों को यह संकल्प** दिलाया गया कि वह न तो स्वयं हिंसा करेंगे ना अपने आसपास ऐसा होने देंगे और यदि उनके आसपास कोई हिंसा होती है, तो उसकी रोकथाम के लिए वे आगे भी आएंगे।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत **संगिनी** द्वारा भोजपुर और भीमबेटका के समीप स्थित शासकीय स्कूल बंगरसिया, महारानी लक्ष्मीबाई उत्तर माध्यमिक कन्या विद्यालय, वीर सावरकर ऑटोनॉमस गवर्नमेंट कॉलेज की 263 छात्राओं एवं भोपाल जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद, सरोजनी नायडू शासकीय कन्या पोस्ट ग्रेजुएट ऑटोनॉमस कॉलेज की 200 छात्राओं को सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

संगिनी द्वारा महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के पर्चे पोस्टर ब्रोशर बुकलेट स्टिकर बैनर प्रदर्शनी बैच आदि का प्रकाशन कर सार्वजनिक स्थलों स्थानीय समुदाय स्कूल कॉलेज विभागों में वितरित किए गए।

कौशल विकास प्रशिक्षण

पैटरनल परियोजना के तहत भीमबेटका और भोपाल में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम और उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है इसी के तहत **संगिनी** द्वारा भोपाल में 12 महिलाओं लड़कियों को बेकरी प्रशिक्षण 12 महिलाओं लड़कियों को ऑफिस प्रशिक्षण 5 लड़कियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, एक लड़की को ब्यूटी पार्लर, तीन लड़कियों को पेट्रोल पंप से जोड़ने का कार्य किया गया, जिससे महिलाओं एवं लड़कियों के कौशल का विकास हुआ और उनमें से कुछ महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त हुआ है।